D(4th Sm.)-Hindi-G/LCC-2(1)/CBCS

# 2025

## HINDI — GENERAL

**Paper : LCC-2(1)**

**(Hindi Vyakaran aur Sampreshan)**

**Full Marks : 65**

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

## (हिन्दी व्याकरण और संप्रेषण)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'अमृत' और 'अन्धकार' का विलोम शब्द लिखिए।

(ख) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए– 'आज्ञा का पालन करने वाला' और 'आलोचना करने वाला'।

(ग) 'दशानन' शब्द का समास विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।

(घ) 'ईश्वर' के दो पर्यायवाची लिखिए।

(ङ) 'झगड़ालू' और 'अड़ियल' शब्दों से प्रत्यय अलग कीजिए।

(च) 'अक्ल पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का अर्थ बताते हुए इससे एक वाक्य बनाइए।

(छ) जातिवाचक संज्ञा और व्यक्तिवाचक संज्ञा का एक-एक उदाहरण दीजिए।

(ज) 'अनुकुल' और 'अध्यन' शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।

(झ) 'प्र' और 'अप' में उपसर्ग जोड़कर एक-एक नया शब्द बताइए।

(ञ) 'चार किलो चावल' और 'जंगी जहाज' में कौन-कौन से विशेषण हैं?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं *तीन* लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

(क) संज्ञा की परिभाषा बताते हुए उसके भेदों को उदाहरण सहित लिखिए।

(ख) 'निश्चयवाचक सर्वनाम' और 'संबंधवाचक सर्वनाम' की सोदाहरण परिभाषा दीजिए।

(ग) विशेषण की परिभाषा लिखते हुए इसके प्रकारों पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'कर्मधारय' और 'बहुव्रीहि' समास में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) संक्षेपण का सामान्य परिचय दीजिए।

**Please Turn Over**

3. किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) 'आधुनिक विश्व में युद्ध और शांति' विषय पर लेख लिखिए।

(ख) ''परहित सरिस धर्म नहीं भाई''— उक्ति का भाव पल्लवन कीजिए।

(ग) 'साक्षात्कार' से आप क्या समझते हैं? इसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(घ) सम्प्रेषण की अवधारणा स्पष्ट करते हुए इसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

———————